प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 13.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त करेंगे जारी, झारखंड के किसानों को भी मिलेगा लाभ।
2. केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा–घरेलू एलपीजी उत्पादन में 28 प्रतिशत की हुई वृद्धि, केंद्र सरकार घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कर रही है हरसंभव प्रयास।
3. राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में झारखंड टूरिस्ट टैक्स रूल 2025 को मिली स्वीकृति, अब झारखंड आने वाले पर्यटकों को होटलों में ठहरने पर देना होगा टैक्स।
4. मुख्यमंत्री आज 12 नए अत्याधुनिक थानों का करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास, राज्य के विभिन्न थानों को 636 पेट्रोलिंग वाहन और 849 दोपहिया वाहन भी सौंपे जाएंगे।
5. राज्य में आज और कल मौसम रहेगा शुष्क, तापमान में बढ़ोतरी की संभावना, 15 से 18 मार्च तक कई जिलों में येलो अलर्ट, हल्की बारिश के आसार।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम में गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्ते जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री करीब नौ करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में प्रत्यतक्ष लाभ अंतरण के माध्यंम से 18 हजार छह सौ 40 करोड़ रुपये जारी करेंगे। झारखंड के किसानों को भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त का लाभ मिलेगा।

*******************

केंद्र सरकार ने संसद में आश्वासन दिया कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत ने ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि देश में कच्चे तेल की स्थिति मजबूत है और घरेलू एलपीजी उत्पादन में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की बुकिंग से डिलीवरी तक के ढाई दिन के वर्तमान समय में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

*******************

रांची में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता और आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा को लेकर बैठक हुई। बैठक में गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उपभोक्ताओं से पैनिक बुकिंग नहीं करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के सर्वर अपग्रेडेशन के कारण बुकिंग में अस्थायी समस्या आई है, जिसे जल्द ठीक कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि रांची में इंडेन गैस सेवा के सर्वर अपग्रेडेशन के कारण उपभोक्ताओं को गैस रिफिलिंग के लिए फिलहाल मैन्युअल बुकिंग की सुविधा दी गई है। साथ ही स्पष्ट किया गया कि जिले में गैस की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है और कालाबाजारी या अवैध भंडारण की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 40 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने झारखंड टूरिस्ट टैक्स रूल 2025 को स्वीकृति दी है। मंत्रिमंडलीय सचिव वंदना दादेल ने बताया कि इसके तहत झारखंड आने वाले पर्यटकों को होटलों में ठहरने पर टैक्स देना होगा।

साउंड बाइट–वंदना दादेल ऑन टूरिस्ट टैक्स–28 सेकेंड

बैठक में राज्य के 23 जिलों में पुस्तकालयों के निर्माण को भी मंजूरी दी गई। प्रत्येक पुस्तकालय की क्षमता लगभग 800 लोगों की होगी। इस परियोजना के लिए 276 करोड़ 49 लाख 76 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा कैबिनेट ने राज्य में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को स्कूल बैग सहित किट वितरण करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। सरकार का कहना है कि इन निर्णयों से शिक्षा और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज राज्य में पुलिस व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 12 नए अत्याधुनिक थानों का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न थानों को छह सौ छत्तीस पेट्रोलिंग वाहन और 8 सौ उनचास दोपहिया वाहन भी सौंपे जाएंगे। ये वाहन पुलिस की त्वरित कार्रवाई, गश्त व्यवस्था और कानून–व्यवस्था को और प्रभावी बनाने में सहायक होंगे। सरकार द्वारा कुल एक हजार दो सौ पचपन पेट्रोलिंग वाहन और एक हजार छह सौ संतानबे दोपहिया वाहन स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से पहले चरण में इन वाहनों का वितरण किया जा रहा है।

*******************

हजारीबाग पहुंची भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता भारती घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने वहां रहने वाले बंगाली समुदाय के लोगों से मुलाकात की और उनसे अपील की कि वे बंगाल में रह रहे अपने परिवारजनों से बातचीत कर उन्हें बताएं कि भाजपा देश के विकास के लिए काम कर रही है।

*******************

राज्य में आज और कल आसमान साफ रहने तथा मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि 15 मार्च से रांची सहित राज्य के कई जिलों के मौसम में बदलाव आने की संभावना है। 15 से 18 मार्च तक राज्य के करीब 20 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान आकाश में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं और मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

*******************

रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभागार में झारखंड राज्य शतरंज संघ की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप का तीसरा और अंतिम दिन है। कल खेले गये 10 चक्रों के बाद रेलवे के अरण्यक घोष, तमिलनाडु के हरि माधवन, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के दीप्तायन घोष, तमिलनाडु के कार्तिकेयन मुरली, इनियन पी, अर्जुन कल्याण और रोहित एस, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के मित्राभा गुहा, महाराष्ट्र के पुराणिक अभिमन्यु और बिहार के मोहम्मद रेयान शीर्ष स्थान पर रहे।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने एलपीजी गैस की आपूर्ति की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर की सुखी है–रोज 50 लाख सिलेंडर की डिलीवरी, होमुर्ज स्ट्रेट से भारत पहुंचा तेल टैंकर।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–कक्षपाल भर्ती पर झारखंड उच्च न्यायलय ने लगाई रोक, एक हजार सात सौ 33 पदों की प्रक्रिया रूकी।

हिंदुस्तान लिखता है खलारी में एसयूवी ने बाइक को मारी टक्कर, चार की मौत।

और दैनिक जागरण की सुर्खी है मंत्रियों, विधायकों और पूर्व विधायकों को आईएएस आईपीएस जैसी स्वास्थ्य सुविधा।

******समाप्त*******